STF Raid in Uttarakhand: एसटीएफ ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, दो आरोपियों संचालक गिरफ्तार

Uttarakhand STF Raid : उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली.टीम ने नकली शराब बनाने वाली कंपनी का भंडाफोड़ किया. एसटीएफ एवं आबकारी ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री से भारी मात्रा में नकली शराब, शराब बनाने वाला केमिकल के साथ ही फैक्ट्री का संचालन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है.

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ ने उधम सिंह नगर जिले के दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिहायशी इलाके में स्थित एक घर में पिछले महीने से चल रही नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. एसटीएफ की टीम ने नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री से संचालक विशाल मंडल पुत्र वीरेंद्र मंडल एवं विकास मंडल पुत्र वीरेंद्र मंडल निवासी लालकुआं को गिरफ्तार किया.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/uttarakhand-stf-busted-factory-manufacturing-fake-liquor-two-accused-operators-arrested-ann-2694155